दिन – सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 31 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज नई दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली राज्यों की बैठक में शामिल होंगे। श्री चौधरी इसके लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। बैठक में बिहार से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा किये जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री श्री चौधरी का केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी आर पाटिल से भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

————————————————————————————

राज्य में शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया में तेजी आ गई है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों के सत्यापन का काम आज से शुरू कर दिया गया है। बहत्तर हजार आठ सौ से अधिक शिक्षकों ने स्थानांतरण का विकल्प दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पदस्थापन, सेवा और वरीयता के आधार पर अंक दिये जायेंगे और इस आधार पर स्कूल आवंटन की प्रक्रिया की जायेगी। गौरतलब है कि शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने पिछले दिनों पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्पष्ट किया था कि इकतीस अगस्त से शिक्षकों की तबादलें की प्रक्रिया की जायेगी। वहीं, पांच सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक समाधान पोर्टल की शुरूआत की जायेगी।

————————————————————————————

कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज पटना में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न जिलों में किसानों को खाद आसानी से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये है।

————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने देशभर के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल में मौजूद एथनॉल की सटीक मात्रा अनिवार्य रूप से बताने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। याचिका में केन्द्र सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को इथेनॉल–मिश्रित ईंधन के गाड़ियों के इस्तेमाल की अनुकूलता के बारे में अधिक पारदर्शिता के निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति एम.एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि याचिकाकर्ता अपनी शिकायत संबंधित उच्च न्यायालय दर्ज करा सकता है।

———————————————————————————

नेपाल में आई भीषण बाढ़ की त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़कर 903 हो गई है। चार हजार 247 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। सभी आठ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव अभियान तेजी से जारी है। भारतीय बचाव दल, चिलिमे और लांगटांग में पनबिजली संयंत्रों पर नेपाल की सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है। नेपाली सेना के प्रवक्ता, राजा राम बसनेट ने बताया कि अत्यधिक मलबे के कारण सुरंगों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। नेपाल के प्रधानमंत्री, बालेंद्र शाह ने इस बाढ़ को विनाशकारी प्राकृतिक आपदा बताया है। लगभग 21 हजार सुरक्षाकर्मी राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं।

———————————————————————————

नेपाल में बाढ़ के कारण राज्य में गंडक, कोसी और बागमती समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि दर्ज की गई है। गंडक नदी के बहाव को नियंत्रित करने के लिए वाल्मीकीनगर बैराज के सभी 36 गेट खोल दिये गये है। इधर, वीरपुर स्थित कोसी बैराज के 20 गेट भी खोल दिए गए हैं। राहत की बात है कि पिछले 24 घंटों में दोनों नदियों के जलस्तर में कमी आई है।इस बीच, सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच सुपौल जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कोसी नदी का जलस्तर सामान्य गति से बढ़ रहा है और कोसी बैराज पूरी तरह सुरक्षित है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। जलस्तर में और वृद्धि की संभावना के मद्देनजर जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी है। पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सारण और गोपालगंज जिला प्रशासन अलर्ट पर है और संभावित स्थिति से निपटने के लिए सभी तैयारियां की गई हैं।

———————————————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मानसून की ट्रफ रेखा राज्य के उत्तरी भागों से गुजर रही है। इसके प्रभाव से प्रदेश के विभिन्न भागों में भारी से अति भारी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, भोजपुर समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा रिकॉर्ड की गई। सबसे अधिक एक सौ पैंतालीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश औरंगाबाद के गोह में दर्ज की गई। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज बक्सर, गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों के कई स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, कैमूर और रोहतास जिलें में कई स्थानों पर अत्यधिक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————————————————

समाप्त